हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 मंडी में जुआ खेल रहे 6 आरोपियों से नकदी...



07 सावन के अंतिम सोमवार शिवालयों में उमड़ा...



खबर संक्षेप

अब टीईटी परीक्षा के विरोध में 30 को दिल्ली कूच करेंगे अध्यापक

विदिशा। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद टीईटी की अनिवार्यता से प्रभावित शिक्षकों ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर 30 अगस्त को मप्र सहित देशभर से हजारों शिक्षक दिल्ली के दशहरा मैदान पहुंचेंगे। शिक्षकों का कहना है कि मध्यप्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित हैं, जबकि देशभर में यह संख्या लाखों में है। 25 से 30 वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षक टीईटी से स्थायी मुक्ति की मांग प्रधानमंत्री के समक्ष रखेंगे। जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी सहित मोर्चा पदाधिकारियों ने शिक्षकों से दिल्ली पहुंचने की अपील की है।

कलेक्टर ने दिए सड़कों की मरम्मत के निर्देश

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के दौरान नवीन सड़कों की मांग और सड़क मरम्मत से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने दिए। लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत के प्रस्तावों की एक प्रति जिला कार्यालय को भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रगति की नियमित समीक्षा हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क समस्याओं के निराकरण के लिए आरईएस और पीएमजीएसवाय अधिकारियों को प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिपं सीईओ ओपी सनोडिया को मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

विदिशा व नटेरन में नए अध्यक्ष घोषित किए

विदिशा। शासकीय शिक्षक संगठन ने प्रांतीय अध्यक्ष राकेश दुबे के निर्देश पर विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों की घोषणा की है। प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने जिलाध्यक्ष नवल सिंह रघुवंशी एवं प्रदेश महामंत्री उमेश सोनी की सहमति से नियुक्तियां कीं। राजकुमार कुशवाह को नटेरन ब्लॉक अध्यक्ष, हेमंत नरवरिया को नटेरन तहसील अध्यक्ष, संतोष नामदेव को विदिशा तहसील अध्यक्ष तथा मोहन सिंह यादव को विदिशा ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। संगठन पदाधिकारियों ने नव-निर्वाचित अध्यक्षों से शीघ्र कार्यकारिणी गठन करने का आह्वान किया।

स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन शिविर का समापन हुआ

विदिशा। ब्रह्म समाज भवन में 18 से 24 अगस्त तक आयोजित जिला स्तरीय बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। सात दिवसीय शिविर में 30 शिक्षकों ने स्काउटर और 20 शिक्षिकाओं ने गाइडर बनने का प्रशिक्षण लिया। प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड नियम, प्रतिज्ञा, गांठें, प्राथमिक उपचार, तंबू निर्माण, हाइक, कुकिंग सहित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना ध्वजारोहण हुआ। शिविर का संचालन लीडर ट्रेनर विशाल सिंह भदौरिया एवं प्रशिक्षक दल ने किया।

50वीं पुण्यतिथि पर सजेगी संगीत संध्या

विदिशा। भारतीय संगीत जगत के अमर पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर 26 अगस्त को विदिशा में संगीतमय श्रद्धांजलि संध्या आयोजित की जाएगी। लीजेंड्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम हम छोड़ चले हैं महफ़िल को... कुसुम देवी गार्डन हॉल, रॉयल सिटी जेल रोड पर शाम 6:30 बजे से होगा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ इतिहासकार गोविंद देवलिया एवं मप्र स्वर्णकार समाज कल्याण समिति के प्रांतीय अध्यक्ष लॉयन अरुण कुमार सोनी होंगे। समूह संचालक प्रदीप जैन 'पारस' ने बताया कि स्थानीय कलाकार मुकेश जी के कालजयी गीतों की प्रस्तुति देकर स्वरांजलि अर्पित करेंगे। संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

कुरवाई की सर्वधर्म कॉलोनी में विकास कार्य नहीं कराने पर कलेक्टर की सख्ती

10 साल में सड़क, बिजली, पानी की सुविधाएं नहीं, अब 39 बंधक प्लाटों की होगी नीलामी

कुरवाई के एक कॉलोनाइजर को मूलभूत सुविधाएं न देना महंगा पड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कुरवाई स्थित सर्वधर्म कॉलोनी में निर्धारित समयावधि बीतने के बावजूद मूलभूत सुविधाएं एवं आंतरिक विकास कार्य पूर्ण नहीं कराने के मामले में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार कॉलोनी के विकास के लिए बंधक रखे गए कुल 39 भू-खण्डों को नियमानुसार विक्रय अथवा नीलाम किया जाएगा। इन भू-खण्डों की बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग कॉलोनी में सड़क, नाली, पेयजल, बिजली सहित अन्य आवश्यक आंतरिक विकास कार्यों को पूरा कराने में किया जाएगा। प्रकरण की शुरुआत कॉलोनीवासियों द्वारा जनसुनवाई में की गई शिकायत से हुई। एक जुलाई 2025 को सर्वधर्म कॉलोनी के रहवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे और कॉलोनी में व्याप्त समस्याओं की जानकारी दी थी।

शिकायत में बताया गया था कि कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी का विधिवत विकास नहीं कराया गया है। बारिश के दौरान क्षेत्र में पानी भर जाता है और निकासी के लिए पर्याप्त नालियां नहीं हैं। सड़क, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है।

नीलामी की राशि से पूरे कराए जाएंगे आंतरिक विकास कार्य

कई विभागों की जांच में खुली विकास की पोल

कॉलोनी की वास्तविक स्थिति जानने के लिए एसडीएम कुरवाई, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा बिजली कंपनी से जांच कराई गई। एसडीएम की 20 फरवरी 2026 की रिपोर्ट में सीसी रोड, नाली, सीवेज लाइन और जल व्यवस्था अधूरी पाई गई। कुछ हिस्सों में केवल मुरम और पेवर ब्लॉक से सड़क बनाई गई थी, जबकि विद्युत व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं थी। पीडब्ल्यूडी ने मार्ग, पुलिया, सीवर लाइन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य अपूर्ण बताए। बिजली कंपनी और पीएचई ने भी विद्युतीकरण एवं जलप्रदाय संबंधी कार्य नहीं होने की पुष्टि की।

नियम-20 के तहत कार्रवाई: कॉलोनी विकास नियम, 2021 के नियम-20 में प्रावधान है कि यदि कॉलोनाइजर निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करता है या तय समयसीमा में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण नहीं करता है, तो सक्षम प्राधिकारी बंधक संपत्ति का व्ययन कर अथवा बैंक प्रत्याभूति भुनाकर प्राप्त राशि से विकास कार्य करा सकता है। राशि कम पड़ने पर कॉलोनाइजर से भू-राजस्व के बकाया की तरह वसूल की जा सकती है।

2015: कॉलोनी विकास की मिली थी अनुमति

आदेश के अनुसार 8 दिसंबर 2015 को कस्बा कुरवाई की विभिन्न भूमियों पर आवासीय कॉलोनी विकसित करने की अनुमति दी गई थी। कॉलोनी के आंतरिक विकास कार्य सुनिश्चित करने के लिए 25 प्रतिशत भूमि का भाग बंधक रखा गया था।

शिकायत के बाद जांच, फिर भी पूरे नहीं काम

मामले की जांच उपखण्ड अधिकारी कुरवाई से कराई गई। जांच में पाया गया कि कॉलोनाइजर द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन के अनुरूप विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। इसके बाद कॉलोनाइजर विशाल शर्मा को सूचना पत्र जारी किया गया। वे न्यायालय में उपस्थित हुए और जवाब प्रस्तुत करने के लिए 15 दिन का समय मांगा। बाद में 15 अक्टूबर 2025 को उपस्थित होकर विकास कार्य पूरे करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया, जिस पर एक माह की मोहलत दी गई। इसके बाद भी नियत तिथि के पश्चात कॉलोनाइजर प्रकरण में उपस्थित नहीं हुए। कॉलोनी विकास के लिए भू-खण्ड क्रमांक 45 से 49, 82 से 99 तथा 102 से 117 तक कुल 39 भू-खण्ड बंधक रखे गए थे। इनका कुल क्षेत्रफल 2992.56 वर्गमीटर है। अब इन्हें नियमानुसार विक्रय अथवा नीलाम कर प्राप्त राशि से कॉलोनी के अधूरे विकास कार्य पूरे कराए जाएंगे। जिले में ऐसे कई कॉलोनाइजर हैं जो प्लाट बेचने के बाद रफूचक्कर हो गए और रहवासी परेशान हैं।

एसडीएम कुरवाई को सौंपी नीलामी की जिम्मेदारी

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने उपखण्ड अधिकारी कुरवाई के प्रतिवेदन एवं प्रस्ताव के आधार पर नियम-20 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार 39 बंधक भू-खण्डों के विक्रय अथवा नीलामी की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार एसडीएम कुरवाई द्वारा की जाएगी।



प्राप्त राशि से कॉलोनीवासियों को सड़क, बिजली, पेयजल, जल निकासी और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आंतरिक विकास कार्य कराए जाएंगे। कलेक्टर की इस कार्रवाई से करीब एक दशक से अधूरे पड़े कॉलोनी विकास कार्यों के पूरे होने की उम्मीद जगी है और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे सर्वधर्म कॉलोनी के रहवासियों को राहत मिलने की संभावना है।

नवविवाहिता की बेतवा नदी में डूबने से मौत, गर्भवती थी

भाई बोला: बहन के सुसराल वाले प्रताड़ित करते थे



विदिशा। महिला के परिजन ससुराल वालों पर लगा रहे प्रताड़ना के आरोप।

- जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को एक महिला का शव बेतवा नदी से मिला है। महिला की पहचान नूतन प्रजापति (31) के रूप में हुई है। वह गणपति कॉलोनी में रहती थीं। कुछ समय से वह मायके में रह रही थीं। नूतन 5 माह की गर्भवती थीं।



नूतन प्रजापति

परिजनों के मुताबिक 20 अगस्त को वह ब्यूटी पार्लर जाने की बात कहकर घर से निकली थीं। इसके बाद वापस नहीं लौटीं। परिवार ने उसी दिन सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। दो दिन बाद जीवाजीपुर क्षेत्र में बेतवा नदी से उनका शव मिला। वहीं मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। नूतन की बहन निक्की प्रजापति ने कहा कि नूतन की शादी भोपाल के बरखेड़ा जागीर निवासी विवेक प्रजापति से हुई थी। निक्की का आरोप है कि ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे, जिससे परेशान होकर वह विदिशा (मायके) आ गई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नूतन के लापता होने की जानकारी ससुराल वालों को दी गई थी। शव मिलने के बाद जब वे विदिशा पहुंचे तो परिवार को धमकाया गया। वहीं भाई अमित प्रजापति ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बहन की तलाश के लिए प्रयास नहीं किए। परिवार ने खुद सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस ने नूतन को ढूंढने में मदद नहीं की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी में मौत की वजह पानी में डूबना बताई गई है।

वार्ड 33 के 6 युवाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

विदिशा। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 33 के छह युवाओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों में राजकुमार लोधी, धीरज लोधी, संजीव राठौर, संजय नामदेव, रूप सिंह रैकवार एवं मनोज अहिरवार शामिल हैं। युवाओं ने कांग्रेस की विचारधारा और संगठन के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया। मोहित रघुवंशी व रवि साहू ने नवसदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर गोविन्द भार्गव, पर्वत सिंह गोड, कृष्णपाल यादव व श्याम रघुवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विदिशा में दाल मिल लगाने पर 25 लाख रुपए तक का अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- मप्र कृषि अभियांत्रिकी विभाग के पोर्टल पर पूरी जानकारी।

जिले में दलहन फसलों के मूल्य संवर्धन और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाई (दाल मिल) की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास संचालनालय की दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन योजना के तहत पात्र हितग्राही 30 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। योजना में एफपीओ, क्लस्टर लेवल फेडरेशन, पैक्स तथा व्यक्तिगत किसान पात्र होंगे। दाल मिल स्थापना के लिए स्वीकृत परियोजना लागत का 33 प्रतिशत तक अनुदान, अधिकतम 25 लाख रुपए दिया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए बैंक ऋण आवश्यक होगा, वहीं कृषि अवसंरचना कोष के तहत ब्याज सहायता भी मिल सकेगी। दाल मिलों की स्थापना से किसानों को स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन की सुविधा मिलेगी तथा बेहतर मूल्य, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विस्तृत जानकारी मध्यप्रदेश कृषि अभियांत्रिकी विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है।

बेतवा में नहाते युवक को अजगर ने जकड़ा हिम्मत से बचाई जान

कागपुर। शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के कागपुर के पास सिद्ध घाट पर बेतवा नदी में नहाते समय एक युवक को विशाल अजगर ने जकड़ लिया। कागपुर निवासी सर्प मित्र कन्हैया जोशी नदी में नहा रहे थे, तभी पानी के भीतर मौजूद अजगर ने उन्हें अपने शरीर में लपेट लिया। कन्हैया ने घबराने के बजाय साहस दिखाते हुए अजगर के मुंह को दबाकर खुद को छुड़ाने का प्रयास किया। इसके बाद पूंछ दबाने पर अजगर की पकड़ ढीली हुई और वे सुरक्षित बाहर निकल आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

4 लाख कीमत की 40 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त, राजस्थान निवासी आरोपी गिरफ्तार

पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली पुलिस ने 40 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। जब्त ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत करीब 4 लाख रुपए बताई गई है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली पुलिस की टीम भ्रमण के दौरान रेलवे माल गोदाम के पास पहुंची, जहां पुलिस वाहन को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा।

पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसे विधिवत जप्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बालचंद तंवर उम्र 20 वर्ष निवासी कंवरपुरा थाना घाटोली, जिला झालावाड़ राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने पीआर मांगा है। पुलिस रिमांड के दौरान मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त, आपूर्ति श्रृंखला एवं इससे जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की जाएगी।



बडवाले घाट पर बने पार्थिव शिवलिंग का दर्शन करने पहुंची महिलाएं



विदिशा। अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में कावड़िए भगवान शंकर के दर्शनों के लिए पहुंचे। कई स्थानों से कांवड़ यात्राएं भी निकाली गईं। चरणतीर्थ पर बडवाले घाट पर बनाए गए पार्थिव शिवलिंग का दर्शन करने भी श्रद्धालु पहुंचे।

सूने घर में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। कोतवाली पुलिस ने किले अंदर स्थित एक सूने घर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गई 75 हजार रुपये की नगदी बरामद की है। फरियादी अतेंद्र शर्मा की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने अमित राय निवासी चठोली, गुलाबगंज, हाल करैयाखेड़ा रोड विदिशा तथा अंशुल बंसल निवासी सुभाष नगर विदिशा को अभिरक्षा में लिया। दोनों से चोरी की पूरी नगदी बरामद कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हाईवे प्रभावित भू-स्वामियों के हित में उठी आवाज, एनएचएआई ने सुझाव को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से प्रभावित भू-स्वामियों के हितों और उनके लिए आजीविका के अवसर सुनिश्चित करने शहर के युवा सुयश रघुवंशी द्वारा उठाए गए मुद्दे पर एनएचएआई सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से प्रभावित भू-स्वामियों को फ्यूल स्टेशन एवं हाईवे से जुड़ी अन्य व्यावसायिक सुविधाओं के आवंटन में अवसर उपलब्ध कराने संबंधी सुझाव प्रस्तुत किया था। इस संबंध में एनएचएआई के परियोजना निदेशक, पीआईयू-विदिशा द्वारा 28 जुलाई 2026 को जारी लिखित जवाब में सुझाव को सराहनीय बताया गया है। जवाब में स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे वे-साइड एमेनिटीज एवं अन्य व्यावसायिक सुविधाओं की स्थापना, आवंटन और संचालन निर्धारित नीतियों के तहत पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया, जैसे टेंडर एवं बिडिंग के माध्यम से किया जाता है, जिससे सभी पात्र आवेदकों को समान अवसर मिल सके। प्रभावित भू-स्वामियों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने संबंधी सुझाव को विचार-विमर्श के लिए दर्ज किए जाने की बात कही है।

मिलावट के खिलाफ चलेगा जांच अभियान

विदिशा। आगामी त्योहारों को देखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिले में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मावा, पनीर एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की विशेष जांच की जाएगी। बाहर से आने वाली बसों और अन्य परिवहन साधनों का भी निरीक्षण कर संदिग्ध खाद्य सामग्री पर नजर रखी जाएगी। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने लंबित आवेदनों, नल-जल योजनाओं, राशन दुकानों, छात्रावासों, अवैध शराब व खनन, कृषि एवं राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

टीईटी परीक्षा को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिला प्रतिनिधिमंडल

23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से स्थायी छूट देने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



सोमवार को मप्र राज्य कर्मचारी संघ भोपाल संभाग के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त करने के लिए स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं। साथ ही इन शिक्षकों की सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति, वेतन, पेंशन एवं अन्य वैधानिक अधिकारों की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए औपचारिक संरक्षण प्रदान करने की मांग रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम अथवा अन्य उपयुक्त कानून में संशोधन कर पूर्व नियुक्त शिक्षकों को स्पष्ट विधिक सुरक्षा देने की भी मांग की। ज्ञापन में यह स्पष्ट करने की मांग की गई कि टीईटी की अनिवार्यता केवल भविष्य की नियुक्तियों पर लागू हो और पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर इसका प्रभाव न पड़े। संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे ने बताया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मामले को गंभीरता से लिया है तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर हेल्पडेस्क शुरू विधायक ने कि पुस्तकालय के लिए 10 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विधायक मुकेश टंडन ने पुस्तकालय में आवश्यक पुस्तकों की खरीद के लिए विधायक निधि से 10 लाख की राशि स्वीकृत करने की घोषणा भी की। शहर के अन्य महाविद्यालयों में भी छात्रवृत्ति आवेदन एवं सहायता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता श्यामसुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा मौजूद रहे।

उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही प्रतिभावान एवं जरूरतमंद छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के आवेदन एवं फार्म संबंधी सहायता के लिए विशेष हेल्प डेस्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन की उपस्थिति में छात्राओं को योजना की जानकारी देते हुए आवेदन के लिए प्रेरित किया गया। योजना के तहत विदिशा नगर के विभिन्न कॉलेजों में अध्ययनरत उन छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा, जिन्होंने हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षा शासकीय विद्यालयों से उत्तीर्ण करने के बाद कॉलेज में प्रवेश लिया है। पात्र छात्राओं को 2,500 प्रतिमाह, यानी 30 हजार प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का वर्चुअल माध्यम से मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। हेल्प डेस्क पर छात्राओं को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं योजना से संबंधित अन्य जरूरी जानकारी सरलता से उपलब्ध कराई गई।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3055
उच्चतम भाव-6315
सरसों
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7705
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6352
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-9650
शरबती
न्यूनतम भाव-2901
उच्चतम भाव-4815
गेंहू
न्यूनतम भाव-1572
उच्चतम भाव-3175
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2751
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3225
बटरी
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-2960
मूंग
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-6820
धान
न्यूनतम भाव-1540
उच्चतम भाव-2700
जौ
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2100
तुअर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6200
धनिया
न्यूनतम भाव-10500
उच्चतम भाव-13500
अलसी
न्यूनतम भाव-8400
उच्चतम भाव-8760
मटर
न्यूनतम भाव-1840
उच्चतम भाव-1840
उड़द
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7110

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 5364 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

महक सक्सेना ने रविन्द्र भवन में बिखेरे अपने हुनर के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ललित आर्ट गैलरी रवींद्र भवन में दो दिवसीय राष्ट्रीय कलाज्ञ कला प्रदर्शनी थर्ड आर्क का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें नगर का प्रतिनिधित्व करते हुए गंजबासौदा आई युवा कलाकार महक सक्सेना ने वास्तुशास्त्र और उसके निदान पर अपनी एक्रिलिक पेंटिंग बनाई। जिसमें लगभग 1200 से अधिक कला प्रेमियों ने सहभागिता की। आर्ट गैलरी में महक पुत्री लोकेश संध्या सक्सेना ने वास्तुशास्त्र के उपाय, पर्यावरण संरक्षण के लिए बांटे गए पौधे, महाभारत के दृश्य से लेकर हस्तशिल्प और नन्ही मान्या की कलाकृतियों ने दिल जीत लिया। दो दिवसीय राष्ट्रीय कलाज्ञ कला प्रदर्शनी का रविवार को समापन हुआ। आयोजन के दूसरे दिवस भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारी, विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं के साथ युवा वर्ग के कला प्रेमियों का रुझान दिखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कला क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. के कृष्ण कुंद्रा ,डॉ. सिद्धार्थ त्रिपाठी, डॉ. आलोक भावसार उपस्थित रहे। इस दौरान एक विशेष 'कला चर्चा' पैलेट टॉक का आयोजन किया गया। अतिथियों ने उपस्थित युवा और उभरते कलाकारों से सीधे संवाद किया। सार सोसाइटी भोपाल के एनजीओ ने दिया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश इस गरिमामयी आयोजन में



सामाजिक सरोकार को जोड़ते हुए 'सार सोसाइटी' के माध्यम से एक अनूठी पहल की गई। आयोजित आर्ट गैलरी में मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से आए कलाकारों में ममता ने अपने स्टॉल के माध्यम से हस्तनिर्मित प्रोडक्ट्स को बढ़ावा दिया। निशिता की पेंटिंग सभी के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही, जिन्होंने केवल एक घोड़े की आकृति के भीतर पूरी महाभारत की लड़ाई के दृश्यों को बेहद बारीकी से उकेरा था। अपनी कला के माध्यम से भोपाल की ऐतिहासिक विरासत और समृद्ध सभ्यता विषय पर दिव्यांशी भगवान हस्त निर्मित प्रोडक्ट्स के स्टॉल और पेंटिंग्स की जमकर बिक्री हुई।

दूसरे दिन कई जाने-माने और उभरते कलाकारों की पेंटिंग्स की जमकर बिक्री भी हुई, जिससे कलाकारों का उत्साह बढ़ा। इसके साथ ही, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए हस्तनिर्मित प्रोडक्ट्स के कई आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए थे, जो आगंतुकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। दो दिनों तक चले इस कला महाकुंभ ने भोपाल के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सभी प्रतिभागी कलाकारों ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

नेवला के डर से जान बचाकर काला सांप चढ़ा विद्युत खंभे पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कस्बा बागरोद में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर बलिराम यादव के घर के पास एक काला सांप नेवला से जान बचाते हुए देर तक बिजली के खंभे पर चढ़ा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि दो नेवला सांप के पीछे पड़े हुए थे। जिसके चलते सांप खेत की साइड भागते हुए बिजली के खंबे पर चढ गया। तब कहीं जाकर सांप की जान बच सकी। सांप लगभग 30 मिनिट तक विद्युत खंभे पर चढ़ा रहा। बुजुर्गों का कहना है कि जब कोई सांप पेड़ पर या खंभे पर चढ़े तो बारिश तेज होती है। बागरोद में भी दोपहर 2 से 4 बजे तक बहुत तेज बारिश हुई।

कोतवाली पुलिस ने की संगठित जुए की बड़ी फड पर कार्रवाई

मंडी में जुआ खेल रहे 6 आरोपियों से नकदी, मोबाइल व कार की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बीती रात सिटी कोतवाली पुलिस ने पुरानी कृषि उपज मंडी के प्रांगण में संगठित रूप से चल रही जुए की फड पर कार्रवाई की। जिसमें पुलिस ने छह जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 52,600 नगद, 52 ताश के पत्ते, 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। सभी जुआरियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के त्योंदा रोड स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी के खाली पडे प्रांगण में पिछले कुछ दिनों से बाहरी लोग बडे पैमाने पर जुए का कारोबार चला रहे थे। स्थानीय भाषा में इस तरह के जुए को लकडी जुआ कहा जाता है। इस जुए में लाखों रूपए के हार जीत के दाव लगाए जाते हैं।



गत दिवस पुलिस को इस जुए की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना बासौदा शहर प्रभारी निरीक्षक संजय बेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। इस टीम ने मंडी परिसर की घेराबंदी कर जुए की फड पर छापामार कार्रवाई की। जिसमें पुलिस टीम ने 6 आरोपियों राजकुमार शर्मा उम्र 45 वर्ष, निवासी डेंगरा, थाना दीपनाखेड़ा, ,रईस खान उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 21, सिरोंज, देवेन्द्र उर्फ सोनू शर्मा उम्र 38 वर्ष, निवासी राजेन्द्र नगर, बासौदा, हनुमत सिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम पैगयाई, थाना शमशाबाद, हाल निवासी रजौदा, कृष्णपाल उर्फ किस्सू सोनी उम्र 48 वर्ष, निवासी सिरोंज चौराहा, बासौदा, अनुराग ठाकुर उम्र 23 वर्ष, निवासी तिरंगा चौक, बासौदा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 52,600 नगद, 52 ताश के पत्ते, 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन कीमती करीब 1,40,000 तथा एक स्विफ्ट डिजायर कार कीमत करीब 6,20,000 सहित कुल 8,12,600 का मशरूका जब्त किया है।

आरोपियों से पूछताछ कर जुआ खिलाने एवं इस गतिविधि से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में भी जानकारी जुटाकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में प्र.आर. सुरेश रघुवंशी, आरक्षक सत्येन्द्र तोमर, आरक्षक राहुल सरवैया, आरक्षक अजय यादव, आरक्षक धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, आरक्षक महेन्द्र लोधी, आरक्षक रत्नेश रोहित एवं आरक्षक राहुल शर्मा का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 112(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया और गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पूर्व तक नगर एवं आसपास के क्षेत्र में लकडी जुआ बडे पैमाने पर चलाया जाता था। जिसमें बीना, मंडी बामोरा, विदिशा, सिरोंज, कुरवाई के जुआरी शामिल होते थे। पुलिस से बचने के लिए जुआरी बाकायदा अपने मुखबिर पुलिस थाने से लेकर जुए की फड के आसपास तक तैनात करते थे। हांलाकि पिछले कुछ वर्षों में पुलिस की सख्ती के चलते लकडी जुआ का कारोबार काफी कम हो गया है।

नपाध्यक्ष ने किया सीसी सड़का का निरीक्षण



गंजबासौदा। सोमवार को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव और मनोज यादव ने वार्ड क्रमांक 14 अरिहंत नगर में चल रहे सीसी रोड निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क को तय समय सीमा में और मानकों के अनुसार पूरा किया जाए। इस दौरान वार्ड वासियों ने नपा अध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। रहवासियों ने नाली निर्माण और मेन रोड से कॉलोनी को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण की भी मांग की। इस पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने उनकी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र ही नाली और सड़क निर्माण कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व की कई समस्याओं के समाधान होने पर नागरिकों ने नपाध्यक्ष का सम्मान भी किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र मीणा, वार्ड 9 के पार्षद प्रतिनिधि सरदार अहिरवार, बृजेश रघुवंशी, चंद्रशेखर दुबे, पर्वत सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

नशा मुक्ति जागरुकता बैठक आज

गंजबासौदा। नगर में बढ़ते ड्रग्स के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए ड्रग्स नशा मुक्ति जागरूकता बैठक का आयोजन मंगलवार को दोपहर 2 बजे दादजी प्लाजा बरेठ रोड़ पर किया गया है। जिसमें गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

खुला रहा मौसम

गंजबासौदा। रविवार को इलाके में दर्ज की गई 8 मिमी बारिश को मिलाकर अभी तक 748 मिमी पानी बरस चुका है। यह बारिश गत वर्ष इस अवधि में हुई 855 मिमी बारिश से काफी कम है। हांलाकि सोमवार को दिन भर बादल तो छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई और कुछ समय धूप भी निकली।

तीन दिवसीय सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिवार्चन कार्यक्रम आयोजित

गंजबासौदा। नगर के पूर्वी रेलवे कॉलोनी, स्वरूपनगर स्थित श्री विश्वेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धा, सेवा और समर्पण के भाव के साथ तीन दिवसीय सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिवर्चन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आचार्य मनीष द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत शनिवार




को पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिवार्चन का शुभारंभ किया गया। रविवार को भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिवार्चन का आयोजन किया गया। वहीं सोमवार को कार्यक्रम का विशेष आयोजन हुआ। इस दिन बड़ी नीलकंठ से कांवड़ लाकर विश्वेश्वर महादेव एवं पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया गया, इसके बाद दोपहर में भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ तथा शाम को अभिषेक उपरांत मधुर भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में काशी की पद्धति के अनुरूप तीनों दिन महाआरती की गई, साथ ही काशी से आमंत्रित ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से पूर्ण शिवार्चन संपन्न कराया गया।कार्यक्रम के मार्गदर्शक तंत्राचार्य शिव ऋषि आचार्य मनीष द्विवेदी, सिद्ध गिरी पर्वत गो तीर्थ, विश्वनाथ मठ, मनु मणि पंचद्वार रहे।

चालिये साहब महोत्सव का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बरेठ रोड पर श्री झूलेलाल मंदिर पर पिछले 40 दिनों से चल रहे चालिये साहब कार्यक्रम का समापन भजन कीर्तन कर बड़े धूमधाम से किया गया। सर्व प्रथम सुबह 10 बजे श्री सुखमनी साहब का पाठ आयोजित किया गया, वहीं मंदिर पर बहराणा साहब बनाया गया। बहराणे साहब की आरती अरदास कर सुख शांति समृद्धि के लिए पल्लव पाया गया। कार्यक्रम उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के अलावा अन्य कई लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। बहराणा साहब का बेतवा तट पर विसर्जन किया गया। इस अवसर पर लालचंद वासवानी, सत्यपाल तनवानी, नानक मामा, भागचंद वासवानी, बेबू भाई, सुरेश



तनवानी, दिलीप तनवानी, प्रदीप खटवानी, किशोर उधाणी, हशमत राय माधवानी, श्याम वाधवानी, मनोज वासवानी, संजू मोटवानी, खेमचंद मेहता, प्रकाश वाधवानी, राकू कटारिया, राकेश तनवानी, लताश माधवानी, सन्तोष माधवानी, आकाश वाधवानी, भारत सिंह लोधी, राजू मलकानी, कैलाश चौरसिया, सागर माधवानी, विक्की माधवानी, राम वाधवानी, महेश वाधवानी, शंकर बलेचा, दिलीप काशला, मुरली वाधवानी, दीपू बलेचा, टीकम वाधवानी, राजाराम सहित बड़ी संख्या में माताएं बहिनें उपस्थित थे।

विधायक ने किया आद्विक को सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जिला स्तरीय रघुवंशी समाज द्वारा गत दिवस प्रतिभा शाली छात्रो के सम्मान समारोह में सेवा भावी उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्थाओ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नौलखी सीताराम संकीर्तन मंडल को सम्मानित करते हुए विधायक हरि सिंह रघुवंशी, प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने 2 वर्ष के आद्विक रघुवंशी को नियमित नौलखी मंदिर में लगन से कीर्तन मे शामिल होने और अपनी कला का भाव विभोर होकर प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में ईश्वर के प्रति लगन और आस्था निश्चित ही पूर्व जन्म के पुण्य और परिवार के अच्छे संस्कार हैं। आद्विक रघुवंशी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी का पोत्र और वैशाली रवीन्द्र रघुवंशी का पुत्र है। आद्विक अपने नाना लखन सिंह रघुवंशी के साथ नियमित मंदिर में कीर्तन में जाता है। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और समाजबंधु उपस्थित थे।

श्रद्धा और भक्ति से गूंजा वेदांत आश्रम

पार्थिव शिवलिंग निर्माण स्वयं में शिव साधना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में श्रावण मास के उपलक्ष्य में चल रहे मासिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन अनुष्ठान में सोमवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव की आराधना की। धार्मिक वातावरण में मंत्रोच्चार, शिवनाम संकीर्तन और पूजन से पूरा आश्रम शिवमय नजर आया। सोमवार को शिव की विशेष पूजन के तहत आश्रम में विभिन्न यजमानों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विशेष पूजन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश तिवारी, गणेशराम रघुवंशी, खुमान सिंह रघुवंशी फतेहपुर, नरेश साहू तथा वेदांत महिला मंडल सहित श्रद्धालु यजमान के रूप में शामिल हुए। सभी ने श्रद्धापूर्वक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान शिव का पूजन-अभिषेक किया। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने शिव महिमा बताते हुए कहा कि भगवान शिव की आराधना में पार्थिव शिवलिंग पूजन का विशेष महत्व है। मिट्टी से शिवलिंग का निर्माण करना केवल एक धार्मिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि साधक के भीतर विनम्रता, एकाग्रता और भक्ति का भाव जगाने वाली साधना है। उन्होंने कहा कि पार्थिव शिवलिंग बनाते समय मन, वचन और कर्म को भगवान शिव के चरणों में समर्पित करने का भाव होना चाहिए। मिट्टी का शिवलिंग हमें यह भी संदेश देता है कि संसार की प्रत्येक भौतिक वस्तु नश्वर है, जबकि शिव तत्व शाश्वत है। इसलिए पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और पूजन मनुष्य को अहंकार से दूर कर आत्मिक शांति की ओर ले जाता है। महंत हरिहर दास महाराज ने कहा कि भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए आडंबर नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और निर्मल भाव आवश्यक है। शिव स्वयं भोले हैं और भक्त के भाव को स्वीकार करते हैं। नियमित शिव आराधना से मन में सकारात्मकता, संयम और आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि धार्मिक अनुष्ठानों को केवल परंपरा के रूप में न निभाएं, बल्कि उनके पीछे छिपे आध्यात्मिक संदेश को भी अपने जीवन में उतारें। शिव पूजन का वास्तविक उद्देश्य बाहरी पूजा के साथ भीतर के विकारों का क्षय और जीवन में सद्भाव, सेवा एवं संयम की स्थापना है। मासिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और भगवान शिव से परिवार, समाज एवं राष्ट्र के कल्याण की कामना की।

ईद मिलाद उन नबी पर किया जाएगा रक्तदान

गंजबासौदा। हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश ईद मिलाद-उन-नबी के मुबारक मौके पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी और नौजवान मुस्लिम कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के सदर ने बताया कि यह कैंप मंगलवार को तिरंगा चौक स्थित तिरंगा गार्डन में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कैंप का मुख्य उद्देश्य पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के पैगाम मानवता की सेवा सबसे बड़ी इबादत है को आम करना है। आयोजकों ने बताया कि त्योहार को सिर्फ जश्न के तौर पर नहीं, बल्कि समाज सेवा के रूप में मनाया जाएगा। कैंप में एकत्र किया गया रक्त सिविल अस्पताल और जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि आपात स्थिति में किसी को रक्त की कमी से परेशानी न हो। कमेटी ने स्वजातीय बंधुओं सहित शहर के सभी नौजवानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों से बढ़-चढ़कर इस रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

राज्य सभा सांसद से मिला राज्य कर्मचारी संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर सोमवार को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ संभाग भोपाल ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव के नेतृत्व में राज्य सभा सांसद रजनीश अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने माँगो को बिंदुवार जानकारी देकर बताया कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त करने हेतु स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं। इन शिक्षकों की सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति, वेतन, पेंशन एवं अन्य सभी वैधानिक अधिकारों की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए औपचारिक संरक्षण प्रदान किया जाए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम या अन्य उपयुक्त कानून में संशोधन कर एक स्पष्ट प्रावधान जोड़ा जाए जिससे 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को विधिक सुरक्षा मिल सके। संसद द्वारा विधायी संशोधन कर यह स्पष्ट किया जाए कि टीईटी की अनिवार्यता केवल भविष्य की नियुक्तियों पर लागू होगी और पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को तत्काल स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर शिक्षकों में व्याप्त असमंजस और असुरक्षा को समाप्त किया जाए। संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर समाधान का आश्वासन दिया है।

पचमा बायपास मार्ग पर लगता है जाम

गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन देर तक जाम लग रहा है। जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को भी शाम के समय देर तक जाम लगा रहा।

तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में हजारों श्रद्धालुओं ने किया बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक

सावन के अंतिम सोमवार शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पवित्र सावन माह के अंतिम सोमवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन, पूजन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी। शिवालय हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिला। यहां सुबह से ही दूर-दराज के गांवों और नगरों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र जल लेकर बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। मंदिर परिसर सहित देवपुर धाम का पूरा क्षेत्र श्रद्धालुओं की भीड़ से भरा नजर आया।

भोलेनाथ के जयकारों से गूंजा देवपुर धाम

बाबा विश्वनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालु कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मंदिर परिसर में लगातार हर-हर महादेव, जय भोलेनाथ और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। कई श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, दूध और जल अर्पित किया। वही सावन के अंतिम सोमवार को नगर के प्रमुख शिव मंदिरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और आरती का आयोजन किया गया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव की आराधना की। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन भी किए गए, जिससे वातावरण पूरी तरह शिवमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के समक्ष माथा टेककर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। देवपुर धाम सहित नगर और ग्रामीण अंचलों में दिनभर धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं। सावन के अंतिम सोमवार पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने क्षेत्र में भगवान शिव के प्रति लोगों की गहरी आस्था और धार्मिक परंपराओं को जीवंत कर दिया।

नगर सहित ग्रामीण अंचलों में गूंजा हर-हर महादेव



देवपुर में फलहारी खिचड़ी प्रसादी का आयोजन

श्रावण मास के पावन अवसर पर बाबा विश्वनाथ धाम, देवपुर में श्रद्धालुओं की सेवा एवं धार्मिक आस्था की भावना से फलहारी खिचड़ी प्रसादी का आयोजन किया गया। यह आयोजन आरोन-सिरोंज रोड, जैतपुर प्रतीक्षालय, देवपुर में श्रद्धा, सेवा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।आयोजन के दौरान बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं, कांवड़ियों एवं भक्तों को प्रेमपूर्वक फलहारी खिचड़ी प्रसादी वितरित की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर आयोजन में सहभागिता की। इस अवसर पर सुजीत कुशवाह ने बताया कि जैतपुर वाली महामाई माता मंडली एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम जैतपुर द्वारा कई वर्षों से श्रावण मास के दौरान निरंतर सेवा कार्य किए जाते रहे हैं। बाबा विश्वनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य और पुण्य का कार्य है। इसी सेवा एवं श्रद्धा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी फलहारी खिचड़ी प्रसादी का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आपसी प्रेम, सहयोग, भाईचारे एवं सद्भावना की भावना मजबूत होती है। श्रद्धालुओं की सेवा के इस कार्य में ग्रामवासियों एवं मंडली के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया। आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।

बाबा बर्फानी को सवा कुंटल दूध-रबड़ी का भोग

श्रावण मास के पावन चतुर्थ सोमवार के अवसर पर पिपलिया हाट स्थित भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भोले बाबा बर्फानी को श्रद्धा और भक्ति के साथ सवा कुंटल दूध-रबड़ी का भोग अर्पित किया गया। सुबह से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा भगवान भोलेनाथ से परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद बाबा बर्फानी को सवा कुंटल दूध-रबड़ी का भोग लगाया गया। धार्मिक आयोजन के दौरान पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवाओं ने पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए और धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता की। आयोजन के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। भक्तों ने श्रद्धा भाव से प्रसादी ग्रहण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रावण मास के दौरान हुए इस धार्मिक आयोजन ने क्षेत्र में भक्ति और आस्था का वातावरण बना दिया।

1.20 लाख का मशरूका जब्त

पुलिस का नशे पर करारा प्रहार, 12.46 ग्राम स्मैक पाउडर व मोटर साइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार



एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिरोंज सोनू डावर के मार्गदर्शन में थाना सिरोंज पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सिरोंज-भोपाल रोड पर एक व्यक्ति अवैध रूप से स्मैक बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस बल की मदद से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा संदेही की विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 12.46 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक/ब्राउन शुगर, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रूपया तथा एक मोटरसाइकिल, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रूपया बरामद कर विधिवत जप्त की गई। इस प्रकार कुल 1,20,000 रूपये कीमत का मशरूका जप्त किया गया। नगर के नयापुरा निवासी 35 वर्षी आरोपी अमीर हमजा के विरुद्ध थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 396/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जेल दाखिल कराया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला, उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण गिरी, आरक्षक सचिन सोनी, आरक्षक वीरेंद्र धाकड़, आरक्षक संजय जाट, आरक्षक टीकम यादव एवं सैनिक अजय शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अनियमितताएं करने पर संभागायुक्त सुचारी ने शिक्षक विजय सिंह को किया निलंबित

सागर। संभागायुक्त अनिल सुचारी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय काछी पिपरिया, विकासखंड रहली में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक विजय सिंह राजपूत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर सागर द्वारा 24 अगस्त को प्रस्तुत नोटशीट एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार शिक्षक विजय सिंह राजपूत के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की विकासखंड शिक्षा अधिकारी रहली के माध्यम से जांच कराई गई थी। जांच के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में शिक्षक द्वारा शराब का सेवन कर संस्था में उपस्थित होने, विद्यालय का वातावरण दूषित करने तथा छात्र-छात्राओं को परेशान करने की सहित और अनियमितताएं करने पर शिकायतें प्रमाणित पाई गईं। जांच प्रतिवेदन 23 सितंबर 2025 को प्रस्तुत किया गया था।

महर्षि अरविंद जयंती पर राष्ट्रवाद, शिक्षा और आध्यात्मिक चेतना पर हुआ व्याख्यानमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला सागर द्वारा महर्षि अरविंद जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रेरणा गीत के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतुल निझावन, सलाहकार, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, मुख्य वक्ता डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, सहायक प्राध्यापक, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, विशिष्ट अतिथि दिनेश उमरैया, संभाग समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद तथा केके मिश्रा, जिला समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, सागर ने महर्षि अरविंद के जीवन, दर्शन, राष्ट्रवाद, शिक्षा एवं आध्यात्मिक चेतना पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में परामर्शदाताओं एवं नवांकुर संस्थाओं के लगभग 100 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

मुख्य अतिथि अतुल निझावन ने महर्षि अरविंद के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि अरविंद ने भारत की स्वतंत्रता को केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे भारत के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पुनर्जागरण से जोड़कर देखा। उन्होंने युवाओं में राष्ट्रभाव, आत्मविश्वास और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना जागृत करने का कार्य किया। आज आवश्यकता है कि महर्षि अरविंद के विचारों और उनके राष्ट्रवादी चिंतन को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए।

मुख्य वक्ता डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि महर्षि अरविंद का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, साधना और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम है। उन्होंने शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं माना, बल्कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का साधन बताया। उनके विचार आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

विशिष्ट अतिथि दिनेश उमरैया ने महर्षि अरविंद की शिक्षा एवं आध्यात्मिक चिंतन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी समग्र शिक्षा की अवधारणा शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलित विकास पर आधारित थी। व्यक्ति के भीतर छिपी प्रतिभा और चेतना को जागृत करना ही वास्तविक शिक्षा का उद्देश्य है। महर्षि अरविंद का दर्शन आज भी शिक्षा, व्यक्तित्व निर्माण और समाज निर्माण के क्षेत्र में अत्यंत प्रासंगिक है।

सावन माह के आखिरी सोमवार को अभिषेक पूजन के लिए भक्तों में रहा उत्साह

बरेली। सावन माह के आखिरी सोमवार को शिव भक्तों में पूर्व के सावन सोमवार से अधिक भगवान भोलेनाथ का अभिषेक विशेष पूजन की तैयारी चलती रही। शिव बापौली धाम जामगढ़ भगदेई और भंडारिया के शिवालयों के साथ नगर की शिव मंदिरों में शिव भक्त नर नारियों द्वारा भारी भीड़ होने के कारण जलाभिषेक पूजन की विशेष व्यवस्थाएं मंदिरों में की गई है।

प्राचीन शिव स्थान जामगढ़ में विंध्य पर्वत की लगभग 100 फीट ऊंची पहाड़ी पर गुफा है। जहां वर्ष के 12 महीना जल भरा रहता है। सदियों पुराने शिवलिंग की पूजन अभिषेक के लिए भारी संख्या में शिव भक्त ऊंची पहाड़ी पर पहुंचते हैं। इसी प्रकार ग्राम भगदेइ के सदियों पुराने शिव मंदिर में सूर्य की किरणें सबसे पहले अभिषेक करती है।



संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में अति प्राचीन बापौली शिव धाम है जहां ब्रह्मलीन गुरु जी ने दशकों तक तपस्या की वर्तमान में जम्मू वाले लाल बाबा जी सूर्योदय से सूर्य अस्त तक मोन धारण कर तपस्या साधना कर रहे हैं। शिव धाम भंडारिया -विंध्य पर्वत की श्रृंखला में जंगल के बीच भंडारिया शिव धाम है। इसी के पास से घोघरा नदी निकली है भंडारिया शिव धाम पहुंचना आज भी कठिन है परंतु शिव भक्त भारी संख्या में भंडारिया पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन करते हैं।

30 अगस्त को निकलेगा ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

रक्षाबंधन पर्व को लेकर खरीदारों की बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

28 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार है। त्यौहार पूर्व नगर के बाजारों दुकानों पर खरीदारों की भीड़ बढ़ना शुरू हो गई है। ईद मिलादुन्नबी का जुलूस 26 अगस्त को प्रस्तावित था मुस्लिम त्योहार कमेटी द्वारा रक्षाबंधन त्यौहार बाजारों दुकानों पर भीड़भाड़ को देखते हुए अब 30 अगस्त को दोपहर में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जाएगा। जिसका मार्ग निश्चित कर मुस्लिम त्योहार कमेटी के द्वारा स्थानीय अधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

रक्षाबंधन के त्योहार पर विभिन्न प्रकार की मिठाइयां खाने खिलाने खुशियां मनाने और बहनों द्वारा भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र राखी बांधने की प्राचीन धार्मिक सामाजिक परंपरा है। इस बार रक्षाबंधन पूर्व जिस प्रकार शक्कर



सहित अन्य जरूरी वस्तुओं के दामों में उछाल आया है उससे आम आदमी परेशान बना हुआ है।

यात्री बसों का बढ़ा किराया

पिछले दिनों सरकार ने यात्री बस ऑपरेटर की मांग को मानते हुए उन्हें बड़ी राहत दी और यात्री बस का किराया बढ़ा दिया गया। रक्षाबंधन त्योहार पर बहनों का भाइयों के यहां या भाइयों का बहनों के यहां भारी संख्या में जाना आना होता है। किराया बढ़ने का आर्थिक बोझ गरीब मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। वहीं शक्कर आटा दाल चावल तेल मावा दूध के बड़े दाम आम आदमी का मासिक बजट बिगाड़ रहे हैं। और आर्थिक परेशानियां भी बढ़ती जा रही है।

जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई, बाडी ब्लॉक के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बाड़ी उदयपुरा बेगमगंज गैरतगंज सांची सिलवानी अब्दुल्लागंज विकास खंड की 14 वर्ष बालक 14 वर्ष बालिका 17 वर्ष बालक 17 वर्ष बालिका 19 वर्ष बालक एवं 19 वर्ष बालिका ने जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय प्रभारी प्राचार्य राजेश हजारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

सभी वर्गों में विकासखंड बाड़ी के खिलाड़ियों का दबदबा रहा एवं चैंपियनशिप पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में काफी रोमांचक मुकाबला हुए ब्लॉक कीड़ा अधिकारी अरविंद ज़रारिया ने



बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रायसेन जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में ब्लॉक समन्वयक शशि रघुवंशी राहुल धाकड़ अरविंद द्विवेदी अरविंद अहिरवार जितेंद्र धाकड़ राहुल धाकड़ राजेश ठाकुर सुमित माझी प्रकाश राय विवेक तिवारी प्रीति मार्को प्रिया शर्मा डालचंद अहिरवार भूपेंद्र राजपूत पुष्पेंद्र राजपूत प्रणाम धाकड़ सत्यम कुशवाहा ने सराहनीय सहयोग किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विकासखंड से कुलवंत बागड़ी निर्मल यादव जितेंद्र मंडीदीप तारिक खान सिलवानी एवं रायसेन जिले के खेल शिक्षक प्रतियोगिता में उपस्थित रहे।

छींद मार्ग के वेयरहाउस पहुंची अधिकारियों के साथ पुलिस ने बनाया पंचनामा

मूंग खरीदी में भारी गड़बड़ी, बिल बने पहले तिथि निकालने के बाद हो रही थी वेयरहाउस पर तौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

समर्थन मूल्य पर निचले स्तर पर गड़बड़ी कर किस प्रकार निजी लाभ के लिए सरकार को चूना लगाया जाता है। बिल पहले बना लिए और 20 अगस्त अंतिम तिथि निकालने के बाद छींद मार्ग के एक वेयरहाउस खरीदी केंद्र पर राजस्व और पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर हो रही तोल को देखा और पंचनामा बनाया गया। इस दौरान पर खरीदी संस्था के प्रशासक सौरव राजपूत भी उपस्थित रहे। पंचनामा बनाकर मामले को जांच और कार्यवाही का विषय माना गया है।

रविवार को हो रही थी तौल

छिंद मार्ग के मूंग खरीदी केंद्र वेयर हाउस पर रविवार को मूंग की तोल हो रही थी। इससे पूर्व तिथि निकालने के बाद मूंग तोल पर



सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा इसी वेयरहाउस का पंचनामा बनाया गया था और तोल बंद रखने के निर्देश दिए थे। मूंग तोल की अंतिम तिथि 20 अगस्त थी। रविवार 23 अगस्त तक इस वेयरहाउस पर हजारों कुंतल मूंग की तौल होती रही। मूंग खरीदी तोल के दौरान हजारों किसान मूंग की तोल करने के बाद बिल बनवाने हैरान परेशान बने रहे। परंतु छिंद मार्ग के वेयरहाउस खरीदी केंद्र पर उल्टी गंगा बह रही थी। बिल पहले बना दिए गए और तोल 20 अगस्त तिथि समाप्त होने के बाद हो रही थी। इस खरीदी केंद्र पर दो सहकारी संस्थाओं की हजारों कुंतल की तोल के लिए 20 अगस्त के बाद वेयरहाउस किसके आदेश पर खोला गया। वेयर हाउस मालिक खरीदी संस्था की मिली भगत से तिथि निकालने के बाद मूंग किसानों के स्थान पर व्यापारियोंकी थी यह भी जांच और प्रभावी कार्यवाही विषय बन रहा है।

तौल नियम विरोध है...

मूंग खरीदी तोल की तारीख निकालने के बाद रविवार को मूंग की तोल नियम विरोध है। व्यापारियों का माल होने की आशंका है। जांच के बाद सामने आएगा। पंचनामा बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी है।

सौरभ राजपूत
सहकारिता विस्तार अधिकारी बरेली

दिशा समिति की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री ने कार्यों की विभागवार समीक्षा की

योजनाओं का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचे अधिकारी समन्वय से करें काम: शिवराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी (दिशा) समिति की बैठक केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले में चल रही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बैठक का उद्देश्य केवल योजनाओं की समीक्षा करना नहीं। बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन कर अधिकतम नागरिकों तक फायदा पहुंचाना है। बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंहराजपूत भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा नपाध्यक्ष सविता जमना सेन सांची नगर परिषद अध्यक्ष रेवाराम पप्पू अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने जिले में शासकीय गतिविधियों और योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।



रोजगार योजनाओं में प्रशिक्षण के बाद की स्थिति भी जांचें

वीबी-जी राम-जी योजना की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने सभी पात्र ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि सभी विकासखंडों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सरपंचों के साथ प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। वाटरशेड योजना के तहत बेतवा पुनर्जीवन के कार्य का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। दीनदयाल कौशल विकास योजना की समीक्षा में केंद्रित कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ना योजना का मुख्य उद्देश्य है। इसलिए यह भी देखा जाए कि प्रशिक्षण लेने के बाद युवा क्या कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना की भी समीक्षा की गई।

शहर में 16,384 आवास स्वीकृत

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 16,384 आवास स्वीकृत किए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में करीब 20 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं।जबकि इस वर्ष करीब 10 हजार और आवास स्वीकृत होने की संभावना है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में करीब 70 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। बैठक में गीता भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए भूमि आवंटन पर भी चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े विकास कार्यों और जनसमस्याओं को समिति के सामने रखा। संबंधित अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, विद्युत और सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित जिला अधिकारी, नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों के अध्यक्ष तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

किसान मेले और संगोष्ठियों के जरिए किसानों को देंगे उन्नत खेती की जानकारी

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए तैयार कृषि रोडमैप पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को उद्यानिकी और नगदी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। किसान मेले और संगोष्ठियां आयोजित कर प्रगतिशील किसानों और कृषि वैज्ञानिकों का संवाद किसानों से कराया जाए। उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी के साथ इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। बैठक में बताया गया कि कृषि रोडमैप के तहत एफपीओ, स्व-सहायता समूहों और किसानों को उन्नत कृषि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। फल, सब्जी, दलहन, तिलहन, गेहूं और धान की उन्नत खेती के साथ बेहतर बीज उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम होगा। महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे।

आवास योजना में पात्र परिवार छूटे नहीं.... फायदा दिया जाए

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास प्लस 2024-25 की समीक्षा करते हुए चौहान ने कहा कि हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए सीमेंट, रेत और ईंट जैसी सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि हितग्राही को मिली राशि का उपयोग आवास निर्माण में ही हो, इसकी नियमित मॉनीटरिंग जरूरी है। कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

गुणवत्ता जांच के बाद ही ठेकेदारों को भुगतान

मध्यप्रदेश ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठेकेदारों को भुगतान करने से पहले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने विकास कार्यों की नियमित निगरानी और लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया।

बिना नंबर की काले रंग की बाइक से मोबाइल लूट का खुलासा

सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने आरोपियों तक पहुंच बनाई, तीन को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर में बिना नंबर की काले रंग की शाइन बाइक से मोबाइल लूटने वाले तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल शाइन मोटरसाइकिल बरामद की है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 1.30 लाख रुपए बताई गई है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।जहां से जमानत अर्जी नामंजूर होने पर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पठारी भेज दिया गया। एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, कोतवाली थाने के टीआई नरेंद्र गोयल के अनुसार फरियादी ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन अज्ञात युवक काले रंग की बिना नंबर की शाइन मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।



पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक नरेंद्र गोयल, उप निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, उप निरीक्षक फदाली सिंह, प्रधान आरक्षक सतेंद्र लोधी, आरक्षक शशांक दीक्षित, संदीप जैन, कपिल जाट और गोविंद वरदे की सराहनीय भूमिका रही।

दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले

इस लूट की घटना के बाद कोतवाली थाना प्रभारी गोयल ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की। टीम ने शहर में लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को बारीकी से खंगाला। संदिग्धों की गतिविधियों और बाइक के रूट की जानकारी जुटाने के साथ मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। पुलिस को मिली सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

राहुल नगर के रहने वाले हैं तीनों आरोपी

पुलिस ने मामले में शकील पिता विलाल खान, आशिक पिता शरीफ खान और फिरोज पिता जलाल खान, सभी निवासी राहुल नगररायसेन को गिरफ्तार किया है। इस पूछताछ के बाद आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल शाइन बाइक जब्त की गई।

नीलकंठेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭गैरतगंज

तहसील के ग्राम हरदौट स्थित प्रसिद्ध नीलकंठेश्वर धाम में सावन के अंतिम सोमवार को आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पिछले छह दिन से चल रहे असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक कार्यक्रम के सातवें और अंतिम दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की कतारें लग गईं और पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। बाबा महाकाल के मार्गदर्शन में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्वयं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। इसके बाद विधि-विधान से पूजन, अभिषेक और आराधना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। सावन के अंतिम सोमवार के विशेष महत्व के चलते श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे भी धार्मिक आयोजन में शामिल हुए।

भक्ति में डूबा रहा नीलकंठेश्वर धाम

पूरे दिन नीलकंठेश्वर धाम का वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना करते हुए सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते नजर आए। पार्थिव शिवलिंग निर्माण और अभिषेक में भाग लेने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो दिनभर जारी रहा। विशाल जनसमूह के चलते धाम परिसर सहित आसपास का क्षेत्र भी शिवभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया।

विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सपरिवार किया पूजन

वहीं रविवार को सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी सपरिवार नीलकंठेश्वर धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र और देश में सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।सावन के अंतिम सोमवार को नीलकंठेश्वर धाम में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ ने आयोजन की भव्यताको और बढ़ा दिया। देर तक मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे और पूरा हरदौट क्षेत्र शिवमय नजर आया।

गायत्री परिवार की जिला स्तरीय बैठक पौधरोपण के साथ संपन्न



बाड़ी। गायत्री परिवार विभिन्न सामाजिक, आध्यात्मिक गतिविधियों द्वारा परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण संबंधी कार्य करता है। शांतिकुंज हरिद्वार में प्रज्वलित अखण्ड दीप एवं वंदनीया भगवती शर्मा के जन्म के 100वे वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री परिवार संकल्प लेकर अनेक अभियान चला रहा है। इस अभियान एवं नियमित गतिविधियों की समीक्षा के लिए रविवार को चंचल मैरिज गार्डन बाड़ी में जिला स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जिला एवं तहसील स्तर की समन्वय समितियों के 50 से अधिक सक्रीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में उपजोन (संभाग) भोपाल के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। उपजोन सह समन्वयक सुरेश श्रीवास्तव ने समाज उत्थान कार्यों को ईश्वरीय कार्य मानकर करने का आग्रह किया। वर्तमान में समाज विशेषकर युवाओं को प्रेरित कर मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता बताई। संस्कृति ज्ञान विस्तार के उपजोन प्रभारी रामप्रकाश गुप्ता ने स्कूली छात्रों को भारतीय संस्कृति के मूल्यों से अवगत कराने हेतु मार्गदर्शन दिया। आगामी 3 अक्टूबर को पूरे प्रदेश के स्कूलों में आयोजित होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अधिक से अधिक बच्चों को शामिल कराने की कार्ययोजना बताई। बबली धाकड़ ने नारी जागरण अभियान अंतर्गत होने वाली गतिविधियों को गति देने उपाय बताये। मंडल गठन, साहित्य विस्तार, पर्यावरण, योग, कुरीति उन्मूलन आदि अन्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। संचालन कर रहे जिला सह समन्वयक बी एस किरार ने संकल्प के लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिले में किये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला समन्वयक संतोष धाकड़ ने लिये गये संकल्पों के लक्ष्य को पूर्ण करने की कार्ययोजना से अवगत कराया।

70 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले

वेयर हाउस के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉली से चोरी वाला गिरोह पकड़ा, 30 बोरी मूंग जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन/बरेली

वेयर हाउस के बाहर खड़ी किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मूंग की बोरियां चोरी करने वाले गिरोह का बरेली पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 99 हजार रुपए कीमत की 30 बोरी मूंग बरामद की हैं। वारदात में इस्तेमाल शिफ्ट कार भी जब्त की गई है। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 4.99 लाख रुपए बताई गई है। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। एसपी आशुतोष गुप्ता एसडीओपी केएस मुकाती के अनुसार गगनवाड़ा निवासी हर्षित सिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 अगस्त की रात भोडिया स्थित दिव्य वेयर हाउस के सामने मूंग बेचने के लिए खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से अज्ञात चोर 29 बोरी मूंग चोरी कर ले गए। इसी तरह ग्राम जोहराबरहा निवासी संतोष धाकड़ ने शिकायत की थी कि 29 जुलाई की रात अलीगंज के पिपरिया रोड स्थित मारुति वेयर हाउस के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से अज्ञात आरोपी मूंग की बोरियां चोरी कर ले गए।



70 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले

लगातार हो रही मूंग चोरी की घटनाओं को बरेली पुलिस ने गंभीरता से लिया। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर लगे 70 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। संदिग्धों से पूछताछ के साथ पुलिस ने मुखबिर तंत्र भी सक्रिय किया। जांच के दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ और जांच के बाद पुलिस ने उन्हें मूंग चोरी की घटनाओं में शामिल पाया।

तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने पिपलाई राजनवाड़ी निवासी सलमान खान (29), मुबारिक खान (26) और खालिद खान (32) को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी थाना कोतवाली रायसेन क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।

4.99 लाख रुपए का मशरूका जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 99 हजार रुपए कीमत की 30 बोरी मूंग बरामद की हैं। घटना में इस्तेमाल शिफ्ट कार क्रमांक एमपी-04-वायएस -0438, कीमत करीब 4 लाख रुपए है, जब्त की है। जब्त सामान की कीमत करीब 4 लाख 99 हजार रुपए है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल गुप्ता, प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत, निरंजन सिंह, भोजराज राजपूत, अनिल, आरक्षक नारायण, मुकेश यादव और सैनिक विजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



तीन दिन की झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर

घोड़ा चौक नदी के पुल पर पानी, संपर्क प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭दीवानगंज

दीवानगंजसहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में पिछले तीन दिनों से झमाझम बारिश का दौर जारी है। रविवार देर रात करीब तीन से चार घंटे तक हुई तेज बारिश के बाद क्षेत्र की नदी-नालों में तेजी से जलस्तर बढ़ गया। तालाब और जलाशय लबालब होकर ओवरफ्लो होने लगे। क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने भी 24 अगस्त को रायसेन जिले में भारी बारिश की संभावना जताई है। ग्राम पंचायत अंबाडी के सत्ती बांसिया गांव में घोड़ा चौक नदी तेज बारिश के बाद उफान पर आ गई। नदी का पानी पुल से करीब 3 से 4 फीट ऊपर बहने लगा। तेज बहाव के कारण भारतीपुर, शाहपुर, मुड़िया खेड़ा, मुनार, पिपरई, केमखेड़ी, कालीटोर सहित एक दर्जन से अधिक गांवों का आवागमन प्रभावित रहा।



खेतों में पानी भरने से किसानों के चेहरे खिले

बारिश से जहां नदी-नालों में उफान और ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हुआ, वहीं किसानों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है। खेतों में पानी भरने से फसलों को पर्याप्त पानी मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। लगातार बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं और खरीफ फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद है। ग्राम पंचायत अंबाडी के सत्ती बांसिया गांव में घोड़ा चौक नदी तेज बारिश के बाद उफान पर आ गई। नदी का पानी पुल से करीब 3 से 4 फीट ऊपर बहने लगा। तेज बहाव के कारण भारतीपुर, शाहपुर, मुड़िया खेड़ा, मुनार, पिपरई, केमखेड़ी, कालीटोर सहित एक दर्जन से अधिक गांवों का आवागमन प्रभावित रहा।